(हे शिव के अवतारी, राम हैं जिनके प्राण) 2
मेरी भव बाधा हरो, आंजनेय हनुमान
महाबली हनुमान, बोलो महाबली हनुमान
जय जय जय हनुमान, बोलो जय जय जय हनुमान

(कपटमुनि बन मोह का रावण
हर गया मन से भक्ति
मैं निर्बल, कहो किस विधि पाऊँ
खो दी प्रभु की शक्ति) 2
(जाय सिया सुधि लाओ, महाबली) 2
मनवा को दो त्राण, मेरी भव बाधा हरो आंजनेय हनुमान

(अहंकार बाली बन बैठा
मन सिंहासन स्वामी
मैं सुग्रीव, जीव, अति भीरु
निर्वासित, अज्ञानी) 2
(विप्र रूप धर, दिलवाओ प्रभु) 2
राम मिलन वरदान, मेरी भव बाधा हरो आंजनेय हनुमान

(कामनाओं का मेघनाद, मन
भ्रमित करे, भरमावे
पड़े अचेत लखन भूमि पर
औषधि समझ ना आवे) 2
(संजीवनी, अब लाओ,पवनसुत) 2
दे दो जीवनदान, मेरी भव बाधा हरो आंजनेय हनुमान